वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 मई 2025
वर्ष 6, अंक 171, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO :06 TOP**

# रिद्धिमा में स्वरांजलि में गीतों पर झूम उठे श्रोता



रिद्धिमा में प्रस्तुति देते कलाकार।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को आयोजित स्वरांजलि में गायन गुरु और विद्यार्थियों ने अपने स्वरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गायन विद्यार्थी स्वरित तिवारी ने 'मोहब्बत करने वाले कम न होंगे'को अपनी आवाज देकर की। भरतनाट्यम गुरु तनया भट्टाचार्य और गायन के विद्यार्थी डा.अनुज कुमार ने हेमंत कुमार के गाने 'तुम पुकार लो तुम्हारा इंतजार है' को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया।

गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और विद्यार्थी अंशुमा अग्रवाल ने 'किसी राह में किसी मोड़ पर, विद्यार्थी इंदू परडल ने 'मुझे तुम नजर से गिरा तो रहे हो, विजुअल आर्ट गुरु गौरव कुमार ने ये जमी रुक जाए, गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने 'तुझे याद कर लिया है, गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे ने 'रंजिश ही सही दिल को, गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने आओगे जब तुम ओ साजना...,गीत को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया। इंस्ट्रूमेंट गुरु उमेश मिश्रा, सूर्यकांत चौधरी, टुकुमनी सेन, सुमन विश्वास, अमरनाथ, अनुग्रह सिंह और विशेष सिंह ने वाद्ययंत्रों के साथ साथ संगत दी। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. शैलेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

- **रिद्धिमा में गायन गुरुओं और विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति**